आज का मौसम

अधिकतम 38° C
न्यूनतम 28° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:24

# जीत समाचार

दैनिक समाचार पत्र

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 276 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

बुधवार
24 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

अनमोल वचन

"मन की मानना बंद करो"
एक मिनट की गलत क्रिया,
कई वर्ष के लिए जेल पहुँचा देती है।
जेल पहुँचा कर मन ज्ञान देगा की,
ऐसा ना करते तो बच जाते।
मन की चाल समझो,
ये हर जगह आपको फसा रहा है!

## सर्वोच्च न्यायालय ने 1993 कोलकाता बम विस्फोट मामले के दोषी की समय पूर्व रिहाई के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक



नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें 1993 के कोलकाता बहुबाजार बम विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक दोषी की, समय से पहले रिहाई का निर्देश दिया गया था। न्यायाधीश पी.के. मिश्रा और न्यायाधीश संजीव सचदेवा की पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर याचिका पर अंतरिम राहत दी। इस याचिका में उच्च न्यायालय के 5 जून के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 77 वर्षीय दोषी मोहम्मद राशिद खान की तत्काल रिहाई का निर्देश दिया गया था।

राज्य सरकार की याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने राशिद खान को नोटिस भी जारी किया, जिसे टाडा –आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियाँ (निवारण) अधिनियम के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत दोषी ठहराया गया था। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता एस.वी. राजू ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में गलती की है और उन्होंने सुधारवादी सिद्धांत पर भरोसा करके राशिद खान को राहत देने पर सवाल उठाया जबकि इस मामले में 70 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हुए थे।

राशिद खान की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एम आर शमशाद ने बताया कि राशिद खान 33 वर्षों से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं और उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सह–आरोपी पन्नालाल जायसवाडा को मार्च 2014 में सजा में छूट दी गई थी। हालांकि, पीठ ने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से अलग थे और इस बात पर जोर दिया कि राशिद खान इस घटना के मुख्य साजिशकर्ता थे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सुरक्षा सहयोग मजबूत करने और आतंकवाद तथा साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने में ब्रिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में, ब्रिक्स की सुरक्षा सहयोग को प्रगाढ करने और आतंकवाद और साइबर सुरक्षा से लेकर उभरती प्रौद्योगिकियों तक की साझा चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने, वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं का समर्थन करने और एक सुरक्षित, अधिक संरक्षित और समावेशी विश्व में योगदान देने का प्रयास करेगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नागरिक अलंकरण के दूसरे समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से हैं। यह पुरस्कार पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं। पत्रकार पी. नारायणन को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्म विभूषण और पूर्व न्यायधीश के.टी. थॉमस को समाज सेवा के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी और पार्श्व गायिका अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार प्रदान किया गया।

सरकार ने इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। 1954 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों और व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए ये पुरस्कर दिए जाते हैं।

## संक्षिप्त न्यूज

### कतर में आग की घटना से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए तमिलाडु सरकार ने हेल्पलाइन शुरू की



तमिलाडु (एजेंसी)। कतर में आग की घटना से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए तमिलाडु सरकार ने हेल्पलाइन शुरू की है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार तीनों पीड़ितों के पार्थिव शरीर को वापस लाने के लिए हर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए विदेश मंत्रालय और कतर में स्थित भारतीय दूतावास के माध्यम से समन्वय किया जा रहा है।

### राम मंदिर चढ़ावा दान कथित अनियमितताओं मामले में एसआईटी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की



अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर में दान और चढ़ावे में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही तीन सदस्यीय विशेष जांच दल दृएसआईटी ने आज अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।राज्य सरकार ने कथित वित्तीय अनियमितताओं और धन के दुरुपयोग की जांच के लिए इस उच्च स्तरीय पैनल का गठन किया था। टीम ने अपनी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। एसआईटी के सदस्यों ने पिछले सप्ताह कई संदिग्धों और मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों से पूछताछ की। रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों के आधार पर आगे की कार्रवाई जल्द ही होने की उम्मीद है। अयोध्या राम मंदिर में प्राप्त दान के दुरुपयोग के आरोपों के सामने आने के बाद मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने इस महीने की 13 तारीख को एसआईटी का गठन किया था।

दैनिक समाचार पत्र

जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

## शिक्षक भर्ती परीक्षा में कथित धोखाधड़ी मामले में ईडी का 18 परिसरों पर तलाश अभियान तेज

चेन्नई(एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय कथित शिक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी मामले में चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, कोयंबटूर और मदुरै में 18 परिसरों पर तलाश अभियान चला रहा है। निदेशालय ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय अपराध शाखा द्वारा वर्ष 2017 में दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। पुलिस ने इस मामले में 2021 में आरोपपत्र दाखिल किया था।

## मणिपुर के कांगपोकपी में सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान में भारी मात्रा में हथियार बरामद



मणिपुर(एजेंसी)। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह अभियान कल लेइलोन वैफेई गांव और आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया। इसमें मणिपुर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोबरा और सेना के जवान शामिल थे।

खुफिया जानकारी के आधार पर चलाया गया अभियान तीन दिन तक जारी रहा। इस दौरान सुरक्षा बलों और सशस्त्र उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ भी हुई। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 40 हथियार बरामद किए।

## डिजिटल शासन में उत्कृष्ट पहल के लिए जम्मू-कश्मीर आवास और शहरी विकास विभाग सम्मानित



जम्मू कश्मीर(एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के आवास और शहरी विकास विभाग ने डिजिटल शासन क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग को नई दिल्ली में आयोजित स्कोच पुरस्कार समारोह में, अपने नवोन्मेषी और नागरिक-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन पहल के लिए स्वर्ण और रजत श्रेणी के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। ये पुरस्कार स्वचालित भवन प्रवेश प्रणाली और जम्मू-कश्मीर गति शक्ति परिसंपत्ति मानचित्रण प्रणाली के लिए प्रदान किए गए हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा वितरण में परिवर्तन लाना और शहरी विकास क्षेत्र में डिजिटल शासन को बढ़ावा देना था।

इन दोनों पहल से जम्मू-कश्मीर में सार्वजनिक सेवा वितरण, सरकारी डिजिटल कार्यप्रणाली, निगरानी तंत्र और डेटा-संचालित शासन में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है।

# अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा,

## ईरान अपने परमाणु केंद्रों की व्यापक निगरानी के लिए सहमत

अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने आज दावा किया कि ईरान अपने परमाणु केंद्रों की व्यापक निगरानी के लिए सहमत हो गया है। इसके बदले अमरीका हॉर्मुज जल-डमरू-मध्य में जहाजों की आवाजाही पर पाबंदियों में ढील देगा और कड़े नियंत्रण के तहत रोकी गई वित्तीय रियायतें जारी करेगा। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेतृत्व ने मौजूदा कूटनीतिक बातचीत के दौरान लचीला रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि ईरान भविष्य में परमाणु निरीक्षण के लिए पूरी तरह सहमत हो गया है।

श्री ट्रंप ने यह भी बताया कि अमरीका ने हॉर्मुज जल-डमरू-मध्य को खुला रखने की अनुमति दे दी है और नौसैनिक घेराबंदी की कार्रवाई रोक दी



है, हालांकि क्षेत्र में सैन्य तैयारी बनाए रखी है। वहीं दूसरी तरफ ईरान ने परमाणु निगरानी ढांचे के दायरे को लेकर अमरीका के दावों को खारिज कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने स्पष्ट किया कि ईरान ने अपने विशिष्ट परमाणु केंद्रों की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी द्वारा निगरानी के लिए कोई सहमति नहीं दी है।

बातचीत के आर्थिक पहलू पर राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि आर्थिक प्रतिबंधों से कोई भी राहत या रोकी गई वित्तीय संपत्ति को जारी करना पूरी तरह से अमरीका के अधिकार क्षेत्र में होगा। प्रतिबंधों में राहत केवल घरेलू अमेरिकी उत्पादकों से बुनियादी सामान खरीदने तक ही सीमित होगी।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ अग्निकांड में चार अधिकारियों को निलंबित किया, चार आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ(एजेंसी)। लखनऊ आग हादसे में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और इनमें से चार को कल रात गिरफ्तार कर लिया। अलीगंज के एक एनिमेशन कोचिंग सेंटर में हुए इस हादसे में 15 विद्यार्थी मारे गए और 9 घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग के चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

अलीगंज पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश अग्नि सेवा अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत छह नामित अभियुक्तों और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।



पुलिस ने अलीगंज में इस इमारत को सील कर दिया है। परिसर में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। फोरेंसिक यूनिट और फायर ब्रिगेड की टीम यहां से जांच के लिए सबूत एकत्र करेगी। इस घटना के बाद संबंधित इमारत को लेकर विकास प्राधिकरण की पहले की कार्रवाई और पुराने रिकॉर्ड जांच के दायरे में आ गए हैं। वर्ष 2016 में अनधिकृत निर्माण को लेकर इस इमारत को गिराये जाने का आदेश जारी किया गया था। लेकिन दो महीने से भी कम समय में यह आदेश रद्द कर दिया गया।

राज्य सरकार ने इस अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है। इसके लिए विशेष जांच दल -एसआईटी गठित की गई है और सात दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

ELECTION COMMISSION OF INDIA
Independent | Impartial | Inclusive

CHIEF ELECTORAL OFFICER
HARYANA

# AN APPEAL TO MY CITIZENS OF HARYANA


YOUR VOTE. YOUR VOICE. YOUR RIGHT.

As Chief Electoral Officer, Haryana, I urge all citizens to connect with the Election Commission of India.

## CONNECT WITH ECI. SERVICES AT YOUR FINGERTIPS.

# ECINET

THE OFFICIAL CITIZEN-CENTRIC APP
BY ELECTION COMMISSION OF INDIA




ECINET app brings all important election-related services to your fingertips – in one place, anytime, anywhere.

SERVICES ON ECINET

**VOTER SERVICES**
Register, search, update details, and download e-EPIC

**ELECTION INFORMATION**
Get the latest updates, notifications and announcements

**COMPLAINT REGISTRATION**
Lodge complaints related to elections and track status

**ELECTION RESULTS**
Access real-time results and detailed statistics

**CANDIDATE INFORMATION**
View affidavits and other candidate details

**EMC SERVICES**
Engage with Electoral Management Committees and activities

**ELECTION LITERACY**
Access educational resources and awareness material

DOWNLOAD ECINET APP TODAY!
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
OR SCAN THE QR CODE

BE AN INFORMED VOTER.
BE A RESPONSIBLE CITIZEN.
VOTE FOR A STRONGER INDIA!
YOUR VOTE SHAPES THE NATION. USE ECINET. STAY CONNECTED.

– Issued in public interest by –
CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com बुधवार, 24 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

# लोकतंत्र की धड़कन

## जनता की जागरूकता और उसकी जिम्मेदारी

लोकतंत्र में 'जनता'सर्वोपरि है। ''जनता का, जनता के लिए, और जनता द्वारा'' शासनकृयह परिभाषा केवल किताबी नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्य है। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से हमारी सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था बदली है, 'जनता' की भूमिका का विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। आज का युग सूचनाओं के अंबार का युग है, जहाँ जनता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह 'भ–भीड़' बने या 'जागरूक नागरिक' ।

**जनता और नीति–निर्माताओं के बीच का पुल**

अक्सर हम सरकार की आलोचना करते हैं कि उसने जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन यहाँ एक प्रश्न यह भी उठता है कि क्या जनता ने अपनी समस्याओं को सही मंच पर रखा? लोकतंत्र का अर्थ केवल हर पांच साल में वोट देना नहीं है। असली लोकतंत्र तब काम करता है जब जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का सिलसिला साल भर चलता रहे। स्थानीय स्तर पर हो रहे प्रशासनिक निर्णयों में जनता की भागीदारी–चाहे वह ग्राम सभा हो या मोहल्ला समितियां–सुशासन की पहली शर्त है।

**'भीड़तंत्र' बनाम 'लोकतंत्र'**

सोशल मीडिया के इस दौर में एक बड़ा खतरा 'भीड़तंत्र' का है। बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी सूचना पर प्रतिक्रिया देना और उग्र हो जाना, लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। लोकतंत्र 'असहमति' का सम्मान करना सिखाता है। यदि जनता केवल एक ही विचारधारा के प्रभाव में आकर सोचने की शक्ति खो देती है, तो वह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाती है। जनता की ताकत उसके 'विवेक' में है, न कि उसकी 'आवाज की तीव्रता' में।

**जनता की चुप्पी– एक खतरनाक संकेत**

इतिहास गवाह है कि जब–जब जनता ने अपने अधिकारों के प्रति उदासीनता दिखाई है, तब–तब व्यवस्था निरंकुश हुई है। महंगाई, भ्रष्टाचार या सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों पर जनता का मौन रहना या केवल सोशल मीडिया तक अपनी नाराजगी सीमित रखना बदलाव नहीं लाता। जागरूक जनता वह है जो सवाल पूछती है, जो जवाबदेही तय करती है और जो व्यवस्था की खामियों को रचनात्मक तरीके से सुधारने का दबाव बनाती है।


**समावेशी जनता– समाज का अंतिम व्यक्ति**

अक्सर 'जनता' शब्द में हम उन लोगों को भूल जाते हैं जो मुख्यधारा से दूर हैं। एक मजबूत राष्ट्र वही है जहाँ की 'जनता' का सबसे कमजोर व्यक्ति भी यह महसूस करे कि सिस्टम उसका है। स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय तक सभी की समान पहुँच ही लोकतंत्र की सफलता का असली पैमाना है। जब तक समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती, तब तक 'जनता' का प्रतिनिधित्व अधूरा है।

**निष्कर्ष**: जनता ही इस देश की निर्माता है। सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन जनता का अस्तित्व और उसकी आकांक्षाएं शाश्वत हैं। आज के बदलते दौर में जनता को 'उपभोक्ता' के बजाय एक 'हितधारक' के रूप में अपनी भूमिका समझनी होगी।

**संपादक की कलम से**–लोकतंत्र का अर्थ केवल अधिकार माँगना नहीं है, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाना भी है। नियम का पालन करना, टैक्स देना, पर्यावरण बचाना और सबसे बढ़कर, एक–दूसरे के प्रति संवेदनशीलता रखना–यही वह 'जनता' है जो देश को महान बनाती है। अंततः, सरकारें वही करती हैं जो जनता उनसे करवाना चाहती है। इसलिए, अपनी सोच को सशक्त करें, क्योंकि एक सशक्त जनता ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 24 जून 2026, बुधवार

## आज का पंचांग

तिथि : नवमी 04:41 नक्षत्र : हस्त 11:54 करण : कौलव 04:41 पक्ष :शुक्ल योग : व्रियान 10:12 चन्द्रमा : कन्या 00:53 राशि में राहुकाल 03:52 – 05:37 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांत: ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित 11:55 – 12:51

## आज का राशिफल

**मेष राशि**
कारोबार में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। समय का दुरुपयोग ना करें। लंबे समय से रुके पैसे प्रयत्न करने पर प्राप्त होंगे

**वृषभ राशि**
दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा

**मिथुन राशि**
व्यापार में अवरोध आ सकते हैं। संतान की ओर ध्यान देना आवश्यक है। आपकी दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी

**कर्क राशि**
मनचाही नौकरी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। नौकरी के लिए दिन शानदार रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। महत्वपूर्ण लाभ के अवसर प्राप्त होंगे

**सिंह राशि**
कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार, समाज में आपका महत्व बढ़ेगा। सुख–समृद्धि बढ़ेगी। सोच–समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा.

**कन्या राशि**
कला के कार्यों में रुचि बढ़ेगी। व्यापार–व्यवसाय में सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे। लाभ होने की संभावना बनती है। नया प्रस्ताव मिलेगा।

**तुला राशि**
दिन की शुरुआत व्यस्तता पूर्ण रहेगी। पारिवारिक जीवन में हर्ष हो सकता है। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी नुकसानदायक रहेगी।

**वृश्चिक राशि**
व्यापार में ऋण लेना पड़ सकता है। अनुकूल परिणाम के लिए सक्रियता और निश्चितता आवश्यक है। विशेष लाभ के कारण मन में प्रसन्नता रहेंगी

**धनु राशि**
लंबे समय के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग होने के कारण संबंध व परिचय क्षेत्र बढ़ेगा

**मकर राशि**
कार्यस्थल पर अपनी जिम्मेदारी की ओर विशेष ध्यान दें। पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। परिवार की समस्या रहेगी। रचनात्मक काम होंगे।

**कुम्भ राशि**
कम समय में कार्य पूरे होंगे। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि होगी। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं।

**मीन राशि**
अपने व्यवहार में परिवर्तन लायें। वाहन, मकान आदि की खरीदी का योग बनेगा। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद होगी।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, बालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना : समूह समाज संगठन और स्टूडेंट विंग ने लगाई ठंडे पानी की छबील



**जीत समाचार लुधियाना ।** पवित्र नगर, गोगी मार्केट के नजदीक समूह समाज संगठन द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए एक विशाल छबील के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व स्टूडेंट विंग के प्रधान जीत पवार ने अपने साथी सहयोगियों के साथ मिलकर किया।


इस सेवा कार्य में मुख्य सहयोगी के रूप में रजत अरोड़ा, अनुज अरोड़ा, योगंश गहलोत,पुनीत बजाज और अर्नस्ट हंस ने विशेष भूमिका निभाई। इन सभी युवाओं ने मिलकर सुबह से ही छबील के प्रबंधन और राहगीरों को ठंडा-मीठा जल वितरित करने की कमान संभाली।


स्टूडेंट विंग के प्रधान जीत पवार ने बताया कि उनके साथियोंकृरजत, अनुज, योगंश और अर्नस्टकृके अथक सहयोग के बिना इस बड़े स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाना मुमकिन नहीं था। इस चिलचिलाती धूप में गोगी मार्केट से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों और स्थानीय निवासियों ने ठंडे पानी की सेवा का लाभ उठाया और युवाओं के इस प्रयास की सराहना की।




# हैबोवाल के दुकानदारों की बिजली तारों की समस्या का समाधान

## एमएलए मदन लाल बग्गा की पहल से मिली राहत





**जीत समाचार लुधियाना (अरूण कुमार)।** लुधियाना के हैबोवाल क्षेत्र में बीते दिनों आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों ने बिजली की तारों से जुड़ी गंभीर समस्या को विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के समक्ष उठाया था। इस समस्या के कारण दुकानदारों और क्षेत्रवासियों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। महज कुछ ही दिनों के भीतर बिजली की तारों की समस्या का समाधान कर दिया गया, जिससे दुकानदारों और इलाके के निवासियों को बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने विधायक बग्गा का आभार जताते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र की एक बड़ी समस्या का समाधान संभव हो पाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# मानसून की तैयारियों पर एमसी कमिश्नर ओजस्वी अलंकार सख्त, अफसरों की जवाबदेही तय

## लापरवाही पर होगी कार्रवाई, जल्द बनेगा मानसून वॉर रूम और जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

जीत समाचार लुधियाना (अरूण कुमार)। मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने मंगलवार को जोन–डी कार्यालय में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मानसून तैयारियों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कोताही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बुड्ढा दरिया की सफाई और डी–सिल्टिंग, अंदरूनी नालों व सीवर लाइनों की सफाई, दरिया के किनारों को मजबूत करने, फॉगिंग, मैनहोल कवर की जांच और रोड–गलियों की सफाई को प्राथमिकता में रखा गया। कमिश्नर ने कहा कि हर शाखा को उनके कार्यों की स्पष्ट जिम्मेदारी सौंप दी गई है और वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी स्तर पर किए गए कामों के प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने बताया कि नगर निगम जल्द ही 'मानसून वॉर रूम' स्थापित करेगा और शहरवासियों की सुविधा के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। मानसून के दौरान शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए सीवरमैन और अन्य कर्मचारियों की रैपिड एक्शन टीमें भी तैनात की जाएंगी।

जलजनित और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए अधिकारियों को क्लोरीनेशन और फॉगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



बैठक में जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार, अमनप्रीत सिंह, जोनल कमिश्नर नीरज जैन, गुरपाल सिंह, जसदेव सेखों सहित विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कमिश्नर ने दोहराया कि जॉइंट और जोनल कमिश्नरों को अपने–अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं और वह स्वयं भी जमीनी स्तर पर हालात का जायजा लेने के लिए निरीक्षण करेंगे।

# लुधियाना नगर निगम फिर विवादों में भ्रष्टाचार केस में फंसे अफसर को एटीपी जोन–डी का चार्ज, कानून पर उठे सवाल

## विजिलेंस द्वारा फगवाड़ा में पकड़े गए राजकुमार को मिली पब्लिक डीलिंग सीट, कोर्ट केस लंबित होने के बावजूद जिम्मेदारी सौंपने पर उठे सवाल

जीत समाचार लुधियाना। लुधियाना नगर निगम एक बार फिर विवादों में घिरता नजर आ रहा है। इस बार बिल्डिंग ब्रांच की कार्यप्रणाली ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, विजिलेंस ब्यूरो द्वारा फगवाड़ा में भ्रष्टाचार के मामले में रंगे हाथ पकड़े गए अधिकारी राजकुमार को नगर निगम के जोन–डी (फिरोजपुर रोड) में बतौर एटीपी सजापक्ष नियुक्त कर दिया गया है।




**क्या है पूरा मामला ?**

**विजिलेंस की कार्रवाई** : सूत्रों के मुताबिक, राजकुमार को कुछ समय पहले विजिलेंस ब्यूरो ने फगवाड़ा में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद विभागीय कार्रवाई के तहत उन्हें चंडीगढ़ मुख्यालय में अटैच किया गया था। बताया जाता है कि उस समय यह निर्णय लिया गया था कि वे केवल दफ्तरी कार्य करेंगे और किसी प्रकार की पब्लिक डीलिंग नहीं करेंगे।

**राजनीतिक पहुंच से बदले आदेश ?** :आरोप है कि राजकुमार ने अपनी राजनीतिक पकड़ का इस्तेमाल करते हुए अपने आदेशों में बदलाव करवाया और अब उन्हें सीधे जोन–डी फिरोजपुर रोड में एटीपी सजापक्ष का पूरा चार्ज दे दिया गया है। यह पद सीधे तौर पर जनता से जुड़ा हुआ है और इसमें पब्लिक डीलिंग प्रमुख भूमिका निभाती है।

**कानून और नियमों पर सवाल** :सेवा नियमों और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार, यदि किसी अधिकारी के खिलाफ अदालत में मामला लंबित हो, तो उसे सामान्यतः फील्ड या पब्लिक डीलिंग वाले पदों पर तैनात नहीं किया जाता। ऐसे मामलों में गैर–फील्ड या कार्यालयी जिम्मेदारी दी जाती है। ऐसे में यह नियुक्ति कई सवाल खड़े कर रही है।

**निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल:** इस पूरे घटनाक्रम से यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या नगर निगम की नियुक्तियां नियमों के आधार पर हो रही हैं या राजनीतिक दबाव के तहत? एक ओर सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की बात करती है, वहीं दूसरी ओर आरोपों में घिरे अधिकारी को अहम जिम्मेदारी देना चर्चा का विषय बन गया है।

**उच्च अधिकारियों की भूमिका भी सवालों में** :इस फैसले के बाद उच्च अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर किस आदेश और किस नियम के तहत लंबित कोर्ट केस वाले अधिकारी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई?

**अब आगे क्या ?**: अब सबकी निगाहें नगर निगम कमिश्नर और स्थानीय निकाय विभाग पर टिकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस मामले के सामने आने के बाद राजकुमार को इस पद से हटाया जाएगा या फिर वे अपनी वर्तमान जिम्मेदारी पर बने रहेंगे। आने वाला समय तय करेगा कि नगर निगम में कानून और नियमों का पालन प्राथमिकता है या प्रभावशाली पहुंच।

# स्वरू टूर एंड ट्रेवल्स ने नए आयाम को छुआः पालमपुर में नए कार्यालय का भव्य शुभारंभ

**जीत समाचार पालमपुर(अभिषेक)।** पिछले 14–15 वर्षों से क्षेत्र में यात्रा और परिवहन सेवाओं में विश्वास का पर्याय बन चुके 'स्वरू टूर एंड ट्रेवल्स' ने अपनी सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में, पालमपुर में संस्थान के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर संस्थान के प्रतिनिधियों ने अपने ग्राहकों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''सफर लंबा है, लेकिन जब साथ आपका हो तो हर मंजिल आसान हो जाती है।'' उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ दशक के सफर में ग्राहकों का अटूट विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। नए कार्यालय का उद्देश्य ग्राहकों को और भी बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**सेवाएं जो सफर को बनाएंगी यादगारः**

'स्वरू टूर एंड ट्रेवल्स' अब पहले से अधिक आधुनिक और सुदृढ़ सेवाओं के साथ आपकी सेवा में तत्पर हैः

**टूर पैकेजः** सभी प्रकार के घरेलू और मनोरम पर्यटन स्थलों के लिए विशेष टूर पैकेज।

**स्कूल बस सर्विसः** सुरक्षित और समयबद्ध स्कूल परिवहन सुविधा।

**लग्जरी ट्रैवलिंगः** आरामदायक और प्रीमियम यात्रा के लिए लग्जरी गाड़ियों की उपलब्धता।

संस्थान ने अपने सभी ग्राहकों को नए कार्यालय में आने का निमंत्रण दिया है। अब अपनी यात्रा को और भी सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए आज ही




संपर्क करें–9418224933, 8219235343, 9805312304

'स्वरू टूर एंड ट्रेवल्स' अपने पुराने और नए सभी ग्राहकों का इस नई यात्रा में जुड़ने के लिए हृदय से स्वागत करता है।

## गैस वितरण सूचना

दिनांक 24/06/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडर वितरण किया जाएगा।
चंबा घाट, मझोटी, पलेटा, सरी, मोलग, बजोट, पटन, मेला, तरेफड़, संघोल, हारसी, टिकरु, धनीरि, दुहकी, जोहड़ी, नोहला, लाहर, संध, लहड़, दानपत्थर, बाबल तथा काथलाओर खालता।
सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि गैस प्राप्त करते समय अपना ओटीपी तैयार रखें।
यदि आपके कोई सुझाव या शिकायत हैं, तो कृपया सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निम्न नंबरों पर संपर्क करें–01894–257444, 01894–257666
धन्यवाद चढ़ियार गैस सर्विस




# बाल विवाह निरोधक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

## 'एसडीएम सरकाघाट की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित'

**जीत समाचार सरकाघाट(ब्यूरो)।**

उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट की अध्यक्षता में आज बाल विकास परियोजना गोपालपुर के अंतर्गत खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, पोषण अभियान तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर जगदीश शर्मा, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) सरकाघाट की प्रधानाचार्य, नागरिक अस्पताल सरकाघाट के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त स्थानीय धार्मिक प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 सहित बेटी है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को प्रदान किए जाने वाले लाभों, जैसे त्योहार भत्ता, विवाह अनुदान तथा सामाजिक सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बाल विकास परियोजना अधिकारी जगदीश शर्मा ने पोषण अभियान एवं बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन की जानकारी प्रदान की।

बैठक के दूसरे चरण में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों तथा धार्मिक प्रतिनिधियों को



बाल विवाह की रोकथाम और जन–जागरूकता बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक के समापन पर उपमंडलाधिकारी सरकाघाट ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा बाल विवाह जैसी प्रथाओं के विरुद्ध सामूहिक जागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया।

## शिमला को मिली बड़ी सौगातः ऑकलैंड टनल के पास 7.60 करोड़ की मल्टी-लेवल कार पार्किंग का उद्घाटन



**जीत समाचार शिमला(ब्यूरो)।** राजधानी शिमला में यातायात की समस्या को कम करने और नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला शहर के हृदय स्थल ऑकलैंड टनल के निकट नवनिर्मित बहुमंजिला कार पार्किंग सुविधा का विधिवत उद्घाटन किया। इस आधुनिक पार्किंग परियोजना का निर्माण 7.60 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

**यातायात के दबाव से मिलेगी राहत**

उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पार्किंग सुविधा के शुरू होने से ऑकलैंड टनल के आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी कम होगा। उन्होंने कहा कि अक्सर सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती थी, लेकिन अब इस नई सुविधा से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे न केवल पार्किंग की समस्या का समाधान होगा, बल्कि वाहनों की सुचारु आवाजाही भी सुनिश्चित हो सकेगी।

**सुनियोजित शहरी विकास सरकार की प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिमला जैसे पहाड़ी शहरों में आधुनिक नागरिक सुविधाएं विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना है ताकि पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**प्रमुख हस्तियां रहीं मौजूद**

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल के अलावा नगर निगम के पार्षद और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## तलाशः ग्राम पंचायत दगोह का एक युवक लापता, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल




**जीत समाचार काँगड़ा/दगोह(अभिषेक)।** ग्राम पंचायत दगोह के वार्ड नंबर 1 से एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय कुमार (उर्फ अजू, घसीटा राम), सपुत्र तुलसीराम, परसों दिनांक 21 जून 2026 की सुबह से अपने घर से लापता हैं।

परिजनों के अनुसार, अजय कुमार का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उनके लापता होने के बाद से ही परिवार के सदस्य बेहद चिंतित हैं और उनकी तलाश में जुटे हुए हैं।

**पहचान और सूचनाः**

लापता अजय कुमार की तलाश के लिए परिजनों ने आम जनता से सहयोग की अपील की है। जो कोई भी व्यक्ति इन्हें देखे या इनके बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए नंबरों पर तुरंत सूचित करें-संपर्क नंबर- 93181-58058, 96259-47849

आपकी एक छोटी सी सूचना एक परिवार को अपनों से मिलाने में बड़ी मदद कर सकती है। कृपया इस संदेश को अधिक से अधिक शेयर करें ताकि अजय कुमार को सुरक्षित घर पहुँचाया जा सके।

## चौन्तड़ा में पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित, एंटी चिट्टा अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान'




**जीत समाचार जोगिंदर नगर(ब्यूरो)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौन्तड़ा में आज पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार (भा.पु.से.) की अध्यक्षता में चौन्तड़ा ब्लॉक के नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाना तथा पंचायत स्तर पर नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में लगभग 150 पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप-मंडल पुलिस अधिकारी पधर, थाना प्रभारी जोगिन्द्रनगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चिट्टा और अन्य मादक पदार्थ आज युवाओं एवं समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि एंटी चिट्टा अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं, अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने तथा युवाओं को खेल, शिक्षा एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चिट्टा तस्करों एवं नशे के कारोबार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है और समुदाय के सहयोग से इस नेटवर्क को जड़ से समाप्त किया जाएगा। उन्होंने सभी पंचायतों से अपने गांवों को चिट्टा मुक्त एवं नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

थाना प्रभारी जोगिन्द्रनगर निरीक्षक सकिनी कपूर ने कहा कि जोगिन्द्रनगर क्षेत्र को एंटी चिट्टा अभियान में प्रदेश का अग्रणी क्षेत्र बनाना लक्ष्य है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे पुलिस के साथ मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें तथा प्रत्येक पंचायत में नशे के विरुद्ध सतत जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और समय पर सूचना ही चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

सम्मेलन के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए तथा नशा उन्मूलन एवं एंटी चिट्टा अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया।

सम्मेलन में एंटी चिट्टा अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों ने इसे एक प्रेरणादायक एवं अत्यंत उपयोगी पहल बताया।

